दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 05
अंकः- 21
मुरादाबाद
12 May 2025
(Monday)
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## भाजपा ने प्रधानमंत्री मोदी की सराहना की;कहा- भारत ने कूटनीतिक रूप से पाकिस्तान को अलग-थलग कर दिया

ऑपरेशन सिंदूर से शुरू हुआ भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष शनिवार शाम थम जाने की घोषणा के चंद घंटों बाद ही टूट गया। पाकिस्तान नापाक करतूतों से बाज नहीं आया। दिल्ली में सहमति की घोषणा के चंद मिनटों बाद ही उसने सीमा पर नापाक हरकतें शुरू कर दीं। हालांकि, फिलहाल हालात सामान्य हैं। भाजपा ने रविवार को कहा कि भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व




में पाकिस्तान के साथ संबंधों के नियमों को फिर से लिखा है। पार्टी की यह टिप्पणी शनिवार को भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक सीमा पार से ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद तत्काल प्रभाव से जमीन, हवा और समुद्र पर सभी गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने के समझौते पर पहुंचने के बाद आई है।पाकिस्तान ने नुकसान झेलने के बाद लगाई समझौते की गुहार- %एक्स% पर एक पोस्ट में भाजपा के राष्टीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि पाकिस्तान ने विनाशकारी नुकसान झेलने के बाद समझौते की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व में केवल 72 घंटों में भारत ने पाकिस्तान के साथ संबंधों के नियमों को फिर से लिखा है। भंडारी ने कहा कि भारत ने रणनीतिक संकल्प के साथ पाकिस्तान के परमाणु बम की गीदड़भभकियों का जवाब दिया। लाहौर से रावलपिंडी तक पाकिस्तानी सैन्य क्षेत्रों में अंदर तक हमला किया। मुरीदके और बहावलपुर में जैश और लश्कर के आतंकी मुख्यालयों को नष्ट कर दिया।पाकिस्तान का एक इंच भी भूभाग भारत की पहुंच से बाहर नहीं उन्होंने कहा कि एक स्पष्ट संदेश दिया गया कि पाकिस्तान का एक इंच भी भूभाग भारत की पहुंच से बाहर नहीं है, सिंधु जल संधि को रोककर पाकिस्तान को आर्थिक रूप से पंगु बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारत ने कूटनीतिक रूप से पाकिस्तान को अलग-थलग कर दिया है, जिससे वैश्विक स्तर पर उसके आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र का पर्दाफाश हो गया है। भारत ने %चाणक्य नीति% अपनाई- भाजपा प्रवक्ता ने कहा, %ऐसे युग में जब रूस-यूक्रेन से लेकर अमेरिका-तालिबान तक के युद्ध रणनीतिक लक्ष्य हासिल करने में विफल रहे हैं, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने चाणक्य नीति अपनाई है। उन्होंने कहा कि यह रणनीतिक संयम नहीं है। यह रणनीतिक प्रभुत्व है और पाकिस्तानी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई खत्म नहीं हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### अखिलेश यादव बोले- इंटरनेट जैसी तकनीकी सेवाओं पर हो सरकार का नियंत्रण, साइबर क्राइम से परेशान हैं लोग

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि तकनीकी की दौर में इंटरनेट जैसी सेवाओं पर सरकार का पूरी तरह से नियंत्रण होना चाहिए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि आज लगभग हर हाथ में मोबाइल है। हर तरह के जमीनी, हवाई वाहनों और जलपोतों तक में जीपीएस लगा है और हर तरह की गतिविधि चाहे वो शासनिक-प्रशासनिक हो, बैकिंग हो या विविध संवेदनशील सूचनाओं का आदान-प्रदान, सब कुछ इंटरनेट पर ही निर्भर है। ऐसे में कम्युनिकेशन एक बेहद संवेदनशील मुद्दा बन गया है। साइबर क्राइम निरंतर ब? रहा है और आम आदमी ठगा जा रहा है। उन्होंने कहा कि तकनीकी सेवाओं पर देश की सरकार का निर्णायक नियंत्रण हर हाल में होना चाहिए ताकि सरकार आपात स्थिति में विदेशी कंपनियों पर तत्काल नियंत्रण कर सके।अखिलेश यादव ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि वैश्विक संबंध सिर्फ अपने हाथ में नहीं होते हैं, इसीलिए इस क्षेत्र में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। अंतरराष्ट्रीय संबंधों में हम कभी ये नहीं कह सकते कि कोई किसी का स्थायी मित्र है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संबंध व्यक्तिगत भी नहीं होते हैं, इसीलिए ऐसे गंभीर मुद्दों पर एहतियात बरतने की जरूरत है। भले ले ली जाए परंतु आत्मनिर्भरता के प्रयास कभी नहीं छोना चाहिए।

## राजनाथ सिंह बोले- भारतीय सेना की धमक उस रावलपिंडी ने भी सुनी. ..जहां पाक फौज का हेडक्वार्टर है

लखनऊ में ब्रह्मोस के उत्पादन इकाई का शुभारंभ हुआ। इसके उद्घाटन कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह डिजिटल माध्यम से दिल्ली से जुड़े। उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ इस परियोजना का उद्घाटन किया।यूपी की राजधानी लखनऊ रविवार को रक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनी। यहां उप्र डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर दुनिया की सबसे विध्वंसक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस के उत्पादन इकाई का शुभारंभ हुआ।समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह डिजिटल माध्यम से दिल्ली से जुड़े। उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ इस परियोजना का उद्घाटन किया। यह कदम रक्षा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता को मजबूत और भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनावपूर्ण हालात में सामरिक शक्ति को नई धार देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।चंद्रयान मिशन और लड़ाकू विमानों में होगा उपयोग- समारोह में सीएम योगी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने टाइटेनियम एंड सुपर एलॉय मैटेरियल्स प्लांट (स्ट्रैटेजिक मैटेरियल्स टेक्नोलॉजी कॉम्प्लेक्स) का भी उद्घाटन किया। यह प्लांट एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर



के लिए उच्च गुणवत्ता वाली सामग्रियों का उत्पादन करेगा। इनका उपयोग चंद्रयान मिशन और लड़ाकू विमानों में किया जाएगा। साथ ही ब्रह्मोस एयरोस्पेस की इंटीग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी परियोजना का भी लोकार्पण हुआ। ये मिसाइलों के परीक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।जानें ब्रह्मोस की खासियत- लखनऊ नोड पर स्थापित ब्रह्मोस प्रोडक्शन यूनिट 300 करोड़ रुपये से तैयार की गई है। इसके लिए प्रदेश सरकार ने 80 हेक्टेयर जमीन निशुल्क उपलब्ध कराई थी। इसका निर्माण मात्र साढ़े तीन वर्षों में पूरा हुआ। ब्रह्मोस मिसाइल भारत और रूस के संयुक्त उद्यम का परिणाम है। इसकी मारक क्षमता 290-400 किलोमीटर और गति मैक 2.8 (ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना) है। यह मिसाइल जमीन, हवा, और समुद्र से लॉन्च की जा सकती है। यह %फायर एंड फॉरगेट% सिद्धांत पर काम करती है। इससे यह दुश्मन के रडार से बचकर सटीक निशाना लगा सकती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आतंकवाद को उसी की भाषा में जवाब देना होगा। इस समस्या का तब तक समाधान नहीं हो सकता जब तक आतंकवाद को पूरी तरह कुचल नहीं देते।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आतंकवाद कभी प्यार की भाषा नहीं अपना सकता, उसे उसी की भाषा में जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि आपने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ब्रहमोस मिसाइल की एक झलक देखी होगी। अगर नहीं देखी तो पाकिस्तान के लोगों से ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत के बारे में पूछिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की है कि आगे से आतंकवाद की कोई भी कार्रवाई युद्ध की कार्रवाई मानी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को लखनऊ में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी का उद्घाटन एवं पी.टी.सी. कम्पनी के दो यूनिट का शिलान्यास कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आतंकवाद की समस्या का समाधान तब तक नहीं हो सकता जब तक हम इसे पूरी तरह से कुचल नहीं देते। आतंकवाद को कुचलने के लिए हम सभी को पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक स्वर में मिलकर लड़ना होगा। आतंकवाद कभी भी प्यार की भाषा नहीं अपना सकता। उसे उसी की भाषा में जवाब देना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने पूरी दुनिया को संदेश दिया है।

## ऑपरेशन बुनयान उल मरसूस: ओवैसी ने पाकिस्तान को किया बेनकाब, पुरानी करतूतें याद दिलाई;बोले- बहुत बड़े झूठे हैं

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान को आड़े हाथों लेते हुए उसके ऑपरेशन बुनयान-उल-मरसूस को झूठा करार दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना कुरान की आयतों का गलत इस्तेमाल कर रही है और इस्लाम के नाम पर दुनिया को गुमराह कर रही है।आतंकियों का पनाहगाह पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज आने का नाम नहीं ले रहा है। इसी बीच सीमा पर जारी तनाव को देखते हुए एक बार फिर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान को आईना दिखाया है। उन्होंने पाकिस्तान के ऑपरेशन बुनयान-उल-मरसूस का सही अर्थ बताते हुए पाकिस्तानी सेना और पाकिस्तानी सरकार को झूठा बताया। ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान ने अब जो नया हमला किया था, उसका नाम ऑपरेशन बुनयान-उल-मरसूस रखा था। ओवैसी ने पाकिस्तान को किया बेनकाब ओवैसी ने कहा कि बुनयान-उल-मरसूस कुरान-ए-शरीफ की आयत नंबर चार है, जिसमें अल्लाह ने कहा है कि अगर तुम अल्लाह से मोहब्बत करते तो एक शीशा पिलाई दीवार की तरह खड़े हो जाओ, लेकिन इतनी झूठी है ये पाकिस्तान की आर्मी।



इससे पहले कुरान के आयत नंबर दो में लिखा है कि तुम क्यों ऐसी बात कहते हो, जो करते नहीं। यानी बुनयान-उल-मरसूस से पहले यह आयत आ रही है, लेकिन इतने झूठे हैं ये पाकिस्तानी कि कुरान के मकसद को भी पूरा नहीं होने देना चाहते। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस्लाम और कुरान की आयतों का इस्तेमाल सिर्फ अपने झूठ को सही साबित करने के लिए कर रहा है।बंगाल के मुसलमानों को लेकर भी साधा निशाना ओवैसी ने कहा कि जब आप बांग्लादेश में बंगाल के मुसलमानों पर गोलियां चला रहे थे, तब शीशा पिलाई दीवार कहां थी? आज भी पाकिस्तान की सेना कुरान की बातों का पालन नहीं करती। अफसोस होता है कि वो खुद ही अपने धर्म की शिक्षाओं को नहीं मानते। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तान के इस दावे पर भी सवाल उठाया कि भारत की इस्लाम से जंग चल रही है। इसके साथ ही ओवैसी ने साफ कहा कि भारत में 20 करोड़ मुसलमान रहते हैं। तो फिर पाकिस्तान बताए कि कौन सी जंग चल रही है इस्लाम से? 9/11 हमला और पुंछ को लेकर लगाए आरोप ओवैसी ने अपने बयान में आगे कहा कि 9/11 के बाद पाकिस्तान की ही सरकार ने अमेरिकी एजेंसियों को मुसलमानों को सिर्फ 15 हजार डॉलर में बेच दिया। उन्होंने कहा कि आप इस्लाम के नाम पर झूठ फैलाते हो। पुंछ में 14 लोगों की हत्या कर दी, जिनमें 4 मासूम बच्चे भी थे। क्या यही है तुम्हारी इस्लामी सोच?क्या है ऑपरेशन बुनयान अल मरसूस?- भारत के जवाब से बौखलाए पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के खिलाफ अपने जवाबी हमले को ऑपरेशन बुनयान अल मरसूस नाम दिया। इसका मतलब होता है कि लोहे या शीशे की अटूट दीवार। यह एक अरबी शब्द है। सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तानी सशस्त्र बलों ने इस ऑपरेशन के तहत 12 से अधिक भारतीय शहरों पर हमले किए। पाकिस्तान का दावा है कि इसी ऑपरेशन के तहत उसने पठानकोट, उधमपुर और श्रीनगर बेस पर हमला किया।

## राहुल गांधी और खरगे ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, तुरंत संसद का विशेष सत्र बुलाने का किया अनुरोध



भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की घोषणा के बाद कांग्रेस की तरफ से केंद्र सरकार से कई अनुरोध किए गए हैं। बता दें कि, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी को पत्र लिख कर तुरंत संसद का विशेष सत्र बुलाने का अनुरोध किया है।

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा है।

अपने पत्र में दोनों नेताओं ने पीएम मोदी से संसद का विशेष सत्र तुरंत बुलाने का अनुरोध किया है।अमेरिका के हस्तक्षेप पर कांग्रेस का ऐतराज- वहीं इससे पहले कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका की ओर से किए गए एलान के मद्देनजर अब पहले से कहीं अधिक जरूरत है कि प्रधानमंत्री एक सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करें और राजनीतिक दलों को विश्वास में लें। कांग्रेस नेता सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में दो बिंदुओं में सरकार के सामने मांग रखी है।

संपादकीय Editorial

# If this is not war, then what is it?

On the nights of last Wednesday and Thursday, Pakistan carried out more than 100 air attacks on a total of 27 cities of India. It is a different matter that our defence shield 'S-400 Sudarshan Chakra' foiled them and smashed them into pieces. Punjab, Jammu and Kashmir, border cities of Rajasthan and Kutch-Bhuj in Gujarat were targeted. This confrontation continued for hours. Pakistan attacked with missiles, drones, rockets, but our defence shield proved impenetrable and the enemy's attacks were destroyed in the air itself. Pakistan targeted our military bases as well as residential areas. All its attacks were destroyed and its attack proved unsuccessful. About 50 drones of Pakistan were smashed to pieces in the air itself. 70 missiles were shot down in Jaisalmer, Rajasthan and 8 missiles in Jammu. Not only this, the Indian Army shot down two JF-17 and two F-16 fighter planes of Pakistan. JF is Chinese and F is American jet plane. Pakistan carried out many attacks with the intention of destroying air force bases in cities like Jammu, Udhampur, Pathankot, Jaisalmer etc., but all were unsuccessful and destroyed. Blackout had to be done in many cities, airports had to be closed and 'red alert' had to be declared. The situation is still not normal. On Thursday night itself, Indian forces retaliated and shook Pakistan in Lahore, Karachi, Peshawar, Sialkot and even the capital Islamabad. The army headquarters in Rawalpindi has been spared for now, but drone attacks have definitely been carried out there. Rawalpindi stadium has been destroyed. The air defense system deployed in these cities has been destroyed. Pakistan's 'AWACS system' has been destroyed. Pakistan's 'radar system' has also been destroyed. Indian Navy's warship 'INS Vikrant' has shaken Pakistan's commercial-economic capital Karachi. Karachi is the largest port of Pakistan and its naval headquarters. About two hours after these attacks started, Pakistan's Defense Minister Khawaja Asif admitted in an interview that attacks have been carried out and the situation is like a war. Pakistan has lost half of this so-called war because its major defense systems and radar systems have been destroyed. Now how will Pakistan get information about the air strikes and how will it be able to protect the country? If this is not a war, then what is? The account of the loss on both sides is yet to come out. Prime Minister Modi is continuously meeting National Security Advisor Ajit Doval and taking briefs on the attacks. During his tenure of 11 years, the Prime Minister held a joint meeting with the secretaries of the security-related ministries for the first time and tried to know the preparations for emergency situations. This is a wartime exercise. Defense Minister Rajnath Singh also held an important meeting with the three army chiefs including Chief of Defense Staff General Anil Chauhan in 'South Block' on Friday morning. 'Emergency alert' has been declared in the capital Delhi along with major cities of the country. Security of historical monuments like Qutub Minar and Red Fort in Delhi has been increased. Foreign Minister Jaishankar has already spoken to foreign ministers and leaders of America, Italy, Spain, European Union etc. and this process is continuing. India has suddenly opened the gates of two dams of Kashmir-Baglihar and Salal-without informing Pakistan. As a result, flood conditions may arise in Pakistan. Prime Minister Modi is gathering support for India from all over the world.

# Every weakness of Pakistan should be attacked, India should tighten the noose on its poor economy

If we look at the 2024 data of the World Bank, India's GDP is close to 3.88 trillion dollars which is ten times more than the size of Pakistan's economy (0.37 trillion dollars). India has a foreign exchange reserve of 677 billion dollars while Pakistan has only 15.5 billion dollars and a part of that is also borrowed. Ever since India has taken action on the terrorist bases of Pakistan under 'Operation Sindoor', there is a state of panic in the stock market of Pakistan. India is making a strategy to defeat Pakistan on every front. India will have to choose a permanent and safe path in the war against terror. Always attack the weak point of the enemy. The real weakness of Pakistan is its economy. India should attack all such sources from where it gets even a little foreign currency. Just like the Board of Control for Cricket in India hurt Pakistan financially by not playing matches with it and not going there for the Champions Trophy, the Indian government should also make similar efforts. Today, there is a huge difference between the two countries that got independence at the same time. India is miles ahead of Pakistan on all parameters of the economy. According to the Food and Agriculture Organization of the United Nations, despite being the fifth most populous country in the world, Pakistan is ranked 41st in terms of the size of the economy. India being the most populous country, can soon overtake Germany in terms of the size of the economy and come to the third position, while Pakistan with a poor economy has become a hub of terrorism. If we look at the World Bank's 2024 data, India's GDP is close to 3.88 trillion dollars, which is ten times more than the size of Pakistan's economy (0.37 trillion dollars). India has a foreign exchange reserve of 677 billion dollars, while Pakistan has only 15.5 billion dollars and a part of that too is borrowed. The policy interest rate i.e. repo rate in Pakistan is currently 12 percent. The value of one dollar is equal to 280 Pakistani rupees. About two years ago, the World Bank had declared Pakistan as the weakest economy of South Asia. Pakistan's total debt has increased to about 70.36 lakh crore Pakistani rupees. That is, every Pakistani has an average debt of 2.34 lakh Pakistani rupees. According to international agency Fitch Ratings, Pakistan has to repay external debt of more than 2,200 crore dollars in the financial year 2024-25. Pakistan's economy is currently running almost completely on the International Monetary Fund. Pakistan is the fifth largest borrower of the IMF. China's Export-Import (Exim) Bank is hesitant to give it additional concessional loan. Now there is uncertainty on whether the next installment of loan will be received from the IMF or not. If Pakistan goes into the 'grey list' in the meeting of the Financial Action Task Force i.e. FATF, then it will become dependent on every penny. Ending all trade relations with Pakistan is the first step towards its destruction. Now India must make it extremely expensive for Pakistan to trade with other countries as well. Indian ports have been a vital logistical link for Pakistan's limited global trade routes. India has begun to impose a blanket ban on Pakistani ships at its ports. Pakistani ships previously relied on Indian ports for trans-shipment, refuelling and repairs. The denial of these services will now force them to take longer and more expensive routes via Oman or the United Arab Emirates. Stopping all trade with Pakistan will have minimal impact on India's economy, as Pakistan's share in India's total global trade is less than 0.06 per cent and Indian traders can easily sell their goods to other countries. According to the Global Trade Research Initiative, an economic research institute, Indian goods worth about $10 billion used to reach Pakistan every year through the ports of Singapore, Dubai and Colombo. It must be ensured that this does not happen at all. India is today one of the top five markets in the world in terms of products and services. It is one of the most open economies in Asia, which allows up to 100 percent FDI in most sectors of industry. As a result, India is today one of the largest markets in the world for everything from needles to airplanes. More than 60 percent of Pakistan's exports include textiles and related products, which are mainly sent to the US, Britain, Germany, Netherlands, Spain and Italy. Today India has good relations with all these countries. Therefore, India will have to immediately work towards textile exports, because in this field India can easily become a good alternative to Pakistan. At such a time, the role of 'Make in India' becomes very important. Now the time has come for India to remove those obstacles to 'Make in India', so that India can increase its role in world exports and break the back of Pakistan's economy.

# Scared and frightened, Pakistan denies drone attacks

Pakistan used Turkish drones. It is clear that India will have to think afresh about Turkey along with China. The extent to which Pakistan is ready to stoop became clear from the fact that it endangered the safety of air passengers by continuing to operate its passenger planes amidst Indian drone attacks. Giving information about Operation Sindoor, which broke the morale of the Pakistani army and its rulers, Foreign Secretary Vikram Misri exposed Pakistan afresh and also described its lies, evil intentions, double standards and fear. How scared Pakistan is of India's strong retaliation is evident from the fact that it carried out drone attacks in the Indian border, but also denied them. The alert Indian security system not only foiled Pakistan's drone attacks but also gave a befitting reply to the firing done by it in the border areas. It is noteworthy that Pakistan appeared helpless in the face of India's drone attacks and this was proved by its damaged bases and frightened people in Lahore, Rawalpindi and Karachi. The funny thing was that the Pakistani Defense Minister hid his failure to face India's drone attacks by saying that we did not want to let India gauge our security system. On the contrary, India exposed Pakistan by shooting down its drone. Pakistan used Turkish drones. It is clear that India will have to think afresh about Turkey along with China. The extent to which Pakistan is ready to stoop became clear from the fact that it continued to operate its passenger planes amidst India's drone attacks and endangered the safety of the passengers. This was a deliberate act of using its people as a shield. Due to this dirty mentality, it is targeting common people in India as well. Only a country with a low mindset can do this. Another proof of Pakistan's lowliness is that it dared to target religious places and especially Gurudwaras in Jammu and Kashmir. Something similar was done by Pakistan-sponsored terrorists in Pahalgam as well. Pakistan has forgotten the difference between its army and terrorist organizations. No wonder that is why it is condemned all over the world. India warned Pakistan that if it tries again to target civilians, infrastructure and military installations, it will have to face a more severe blow. If Pakistan does not stop its activities, then India will have to become active to teach it a lesson. India has already proved under Operation Sindoor that it has become very easy for it to target any area or location of Pakistan. In fact, this is the reason why it is scared. This fear is good. India should keep it scared in the future.


# We have to win the information war as well, Pakistan is resorting to fake news

If we look at it holistically, Pakistan seems to be adopting the strategy of the notorious terrorist organization ISIS in the matter of propaganda along with terror. ISIS has given a new look to the information war in promoting terror. This clearly shows that terror and fake information are deeply connected weapons in psychological and hybrid warfare. In the period of conflict with Pakistan, a front of fake information is also open. There is a bombardment of unverified information through internet media. While many countries have molded information as their strength and made it a weapon, Pakistan has prepared its own model of fabricating false stories along with the policy of terrorism. Last day, Foreign Secretary Vikram Misri also said that Pakistan has been lying since its birth. In all other countries, false narratives are fabricated through mediums like trolls or bots, but in Pakistan, its command has been handled by people sitting in responsible positions. Evidence of this keeps coming up from time to time. For example, when an anchor of an international TV channel asked the Pakistani Defence Minister for evidence to support his claim of shooting down Indian aircraft, he laughed and said that all this is available on 'social media'. Overall, Pakistan seems to be adopting the strategy of the notorious terrorist organization ISIS in terms of propaganda along with terror. ISIS has given a new form to information warfare in promoting terror. This clearly shows that terror and fake information are deeply connected weapons in psychological and hybrid warfare. ISIS has tortured people caught in its clutches in various ways and has propagated material related to it extensively. Its effect was also seen in its attack on Mosul in Iraq in 2016. Despite the presence of a large number of trained American security personnel and other security related structures there, the fear of ISIS was so dominant that the security line was scattered and ISIS faced very little resistance in capturing the city. This capture of Mosul was presented as an example for future psychological wars. Like terrorism, information warfare is also not limited to wartime, but can also show its effect during peace or normal times. Pakistan's propaganda campaign against the Citizenship Amendment Act (CAA) is a big example of this. An attempt has been made to portray India as anti-Muslim by spreading fake information during the anti-CAA protests from the handles of people in responsible positions and authority institutions in Pakistan. In this way, Pakistan conspired to destabilize India by fabricating false narratives even in peacetime. Another similarity between terrorism and information warfare is that through this, not only soldiers but also common citizens are targeted and an attempt is made to break the country from within. The Pahalgam terror attack was a strong proof of this, where the terrorists not only killed people on the basis of religious identity, but also said that go and tell Modi... Their intention behind this was to divide the country and break its morale along with genocide. Those who cannot fight a direct battle, resort to terrorism and information warfare i.e. fake news and Pakistan has been doing this for decades. For example, despite terrorism being made a part of state policy, Pakistan has been continuously denying it. Whereas this reality of its has been repeatedly exposed to the world. Information war equipped with fake news is also fought on a terrorist pattern, in which lies are served through pseudo accounts or unauthorized channels. Only weak countries resort to this in front of the opponent. Since Pakistan cannot stand anywhere in front of India's strategic capabilities, it is left with no other option but to resort to terrorism and fake information. The emergence of internet media has emerged as a major base for the spread of fake information. Here everyone is present with his point of view, even if it has nothing to do with the facts. When people are engaged in making profits by luring users in any way through the web of conspiracies and AI-based deepfakes, then it is very natural that truth is sacrificed in this exercise. Then people are misled according to their own wishes.hat is even worse is that once someone accidentally comes in the range of such fake information, the algorithm starts serving the same content again. Many platforms of internet media claim to provide measures to counter it.

# कारोबारी की मां का हत्यारा नौकर पुलिस की पकड़ से दूर

## पुलिस रिश्तेदारों व संबंधित ठिकानों पर लगातार दे रही दबिश

मुरादाबाद-महानगर की हाई प्रोफाइल परंपरा-1 सोसायटी में लूट के बाद केमिकल कारोबारी की मां का हत्यारोपी तीसरे दिन भी पुलिस के हत्थे नहीं लगा है। उसके पास मोबाइल नहीं होने के चलते लोकेशन नहीं मिल रही है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के माध्यम से पुलिस यह पता लगाने में लगी है कि वह किस रास्ते से शहर से बाहर गया है। पुलिस लगातार संबंधित ठिकानों पर दबिश दे रही है। थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के परंपरा-1 सोसायटी निवासी केमिकल कारोबारी दया किशन रस्तोगी परिवार समेत पांच मई को पुणे गए थे। घर पर उनकी मां प्रमोद रस्तोगी अकेली थी। देखभाल के लिए सात साल से काम कर रहे नौकर सचिन सक्सेना निवासी चौमुखापुल और नौकरानी अनीता थी। आठ मई को दोपहर बुजुर्ग प्रमोद रस्तोगी अपने कमरे में लेटी हुई थी। तभी लूटपाट के बाद सचिन ने उनकी हत्या कर दी थी। इस बीच दूसरी मंजिल पर मौजूद नौकरी अनीता को भनक न लगे। इसलिए उसने रसोई में लेटने का नाटक किया। जब नौकरानी दूसरी मंजिल से उतरकर आई तो बड़ी मालकिन के बारे में पूछा तब आरोपी ने बताया कि वह अपने कमरे में सो रही है। इसके बाद नौकरानी अनीता कमरे पहुंची तो उन पर चादर पड़ी हुई थी, लेकिन खून देख शोर मचा दिया। इसके बाद सचिन भाग गया था। आसपास के लोग बुजुर्ग को अस्पताल लेकर गए थे, लेकिन डाक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बुजुर्ग की अधिक खून बहने से मृत्यु होने की पुष्टि हुई थी। आरोपी सचिन सक्सेना के खिलाफ उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें लगा दी थी। 10 से अधिक रिश्तेदारों के घरों तक पुलिस पहुंच गई है, लेकिन सभी आरोपी से संबंध होने की बात से इन्कार कर रहे हैं। आरोपी के पास मोबाइल नहीं होने के चलते उसकी लोकेशन नहीं मिल पा रही है। ऐसे में अब पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर यह पता लगाना शुरू कर दिया कि नौकर सचिन शहर से किधर भागा है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश में पुलिस की चारों टीमें लगातार काम कर रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# अमरोहा में हत्या: रंजिश में युवक को पीटा... फिर फावड़े से हमला कर मार डाला, इलाके में तनाव

मुरादाबाद-हसनपुर के गांव गुलामपुर में अवनीश कुमार की फावड़े से हमला कर हत्या कर दी गई। वारदात की वजह रंजिश बताई जा रही है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। हसनपुर के गांव गुलामपुर में रविवार सुबह अवनीश कुमार (18) की खेत में जाते समय बेरहमी से हत्या कर दी गई। आरोप है कि गांव के ही कुछ युवकों ने पहले मारपीट की और फिर फावड़े से ताबड़तोड़ वार कर अवनीश की जान ले ली। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के मुताबिक अवनीश आठ मई को पड़ोसी गांव में एक बरात में गया था। जहां गांव के ही कुछ युवकों से कहासुनी हो गई थी। उसी विवाद को लेकर रविवार की सुबह हमला किया गया। अवनीश खेत जाने के लिए घर से निकला था। तभी रास्ते में घात लगाए बैठे युवकों ने उस पर हमला बोल दिया।परिजनों का आरोप है कि हमलावरों ने पहले मारपीट की और फिर फावड़े से वार कर उसकी हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। इसके बाद पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। क्षेत्राधिकारी (सीओ) दीप कुमार पंत ने मौके का मुआयना कर परिजनों और ग्रामीणों से जानकारी जुटाई। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। सीओ दीप कुमार पंत का कहना है कि प्रथमदृष्टया यह मामला पुरानी रंजिश का लग रहा है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही सभी को पकड़ लिया जाएगा।



# दुकानदारों ने नोटिस के खिलाफ एसडीएम से की मुलाकात, रखी समस्या

मुरादाबाद-टांडा। नगर पालिका ने रामपुर रोड स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के सामने बनी 24 दुकानों को खाली करने का नोटिस जारी किया, जिसके बाद दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। इसमें 23 पक्की और एक अस्थायी दुकान शामिल है। दुकानदारों का कहना है कि यदि उन्हें हटाया गया तो उनके सामने रोजगार का संकट खड़ा हो जाएगा। शनिवार को दुकानदारों ने एसडीएम से मुलाकात की और अपनी समस्या से अवगत कराया। इन दुकानों का निर्माण वर्ष 1986 में तत्कालीन प्रभारी ईओ नरेंद्र कुमार जोशी के कार्यकाल में हुआ था, और रामपुर निवासी ठेकेदार रियासत अली ने इनका निर्माण किया था। नगर पालिका ने इन दुकानों को व्यापारियों को किराए पर दे दिया था, और वे नियमित रूप से किराया चुका रहे थे। लेकिन हाल ही में पालिका द्वारा इन दुकानों को खाली करने का नोटिस जारी किया गया है, जिससे व्यापारियों में नाराजगी फैल गई है।दुकानदारों का कहना है कि यदि उन्हें दुकानों से बेदखल किया गया तो उनके परिवार के भरण-पोषण का संकट खड़ा हो जाएगा। इसलिए उन्होंने जिला प्रशासन से अनुरोध किया कि वे उन्हें किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर पुन: स्थापित करें, जैसा कि रामपुर में किया गया था। शनिवार को दुकानदारों ने तहसील पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने अपनी समस्या का समाधान मांगते हुए अन्य स्थल पर कारोबार की व्यवस्था कराने की अपील की। उनका कहना था कि उन्होंने 40 साल से इन दुकानों में व्यापार किया है और अब यदि यह दुकानें खाली करानी जाती हैं, तो वे बेरोजगार हो जाएंगे। इस मौके पर हाजी पप्पी, फिरासत, हाफिज मुरीद, हाजी सलीम, मास्टर गौहर, अशरफ मुनीम, हाजी अतीक, शरीफ अहमद, शफीकुर्रहमान, सलीम सलमानी, शाहिद, महफूज खां, हाजी मिक्की, हाजी वदूद, आदि मौजूद थे।

# छेड़खानी के मामले में प्रधानाचार्य बरी, झूठी गवाही पर शिक्षिका के खिलाफ वाद

मुरादाबाद-रामपुर। शहजादनगर थाना क्षेत्र से जुड़े एक छेड़खानी के मामले में कोर्ट ने प्रधानाचार्य योगेश कुमार को सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया है। साथ ही, न्यायालय ने झूठे साक्ष्य प्रस्तुत करने के आधार पर शिकायतकर्ता शिक्षिका के विरुद्ध वाद दायर करने के आदेश दिए हैं। यह मामला दो अक्टूबर 2024 का है, जब क्षेत्र के एक निजी स्कूल में कार्यरत शिक्षिका ने प्रधानाचार्य योगेश कुमार पर आरोप लगाया था कि उन्होंने ऑफिस में बुलाकर छेड़खानी की और विरोध पर नौकरी से निकालने की धमकी दी। इसके बाद शिक्षिका ने पुलिस को सूचना दी, जिस पर शहजादनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रधानाचार्य को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।पुलिस ने मामले की जांच के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। अदालत में चली सुनवाई के बाद न्यायालय ने साक्ष्य के अभाव में प्रधानाचार्य योगेश कुमार को बरी कर दिया। साथ ही कोर्ट ने शिक्षिका द्वारा झूठे साक्ष्य प्रस्तुत करने के चलते उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

# 20 घंटे बाद मिला नदी में डूबे युवक का शव

मुरादाबाद-मिलक। शादी समारोह के बाद भाभी को विदा करने उसके मायके आया अमरोहा का युवक नीरज (21) अपने एक अन्य साथी के साथ गांव के बाहर पीलाखार नदी में नहाते समय पानी में डूब गया था। घटना के बाद शुक्रवार शाम से ही स्थानीय गोताखोरों और पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही थी। 20 घंटे बाद शनिवार को मृतक का शव बाहर निकाला गया। शव देखकर परिजनों और रिश्तेदारों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी गांव पहुंच गए। घटना शुक्रवार को ग्राम बलभद्रपुर की है। शादी के बाद भाभी को विदा कराने के लिए 21 वर्षीय नीरज अपने रिश्तेदारों के साथ गंगेश्वरी, थाना हसनपुर, जिला अमरोहा से यहां आया था। दोपहर में वह अपने साथी रोहित, निवासी संभल के साथ गांव के पास पीलाखार नदी में नहाने के लिए चला गया था। इसी दौरान दोनों गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे।पास से गुजर रहे ग्रामीणों ने रोहित को तो बचा लिया, लेकिन नीरज गहरे पानी में डूब गया। इसके बाद ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। डूबने की सूचना मिलने पर प्रशासन मौके पर पहुंचा। एसडीएम सुनील कुमार और नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी के नेतृत्व में पीएसी गोताखोरों ने तलाश शुरू की। 20 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद मोटर बोट की मदद से शनिवार को नीरज का शव बरामद किया गया। शव देख परिजनों में शोक का माहौल फैल गया। शादी के पांच दिन बाद हुई इस घटना से घर का माहौल बदलकर मातम में बदल गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। दिल्ली में रोजगार करता था नीरज- नीरज का शव पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजन गंगेश्वरी ले गए। परिजनों ने बताया कि नीरज चार भाई-बहन में तीसरे नंबर का था। वह दिल्ली में रहकर बिरयानी का ठेला लगाता था, जबकि उसके पिता गांव में खेती करते हैं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

# कपलिंग टूटने से दो हिस्सों में बटी मालगाड़ी, आधा घंटे प्रभावित हुआ रेल संचालन

मुरादाबाद- रविवार सुबह 6ः00 बजे दिल्ली लखनऊ रेलवे लाइन पर दौड़ रही मालगाड़ी अचानक से कटघर थाना क्षेत्र रामगंगा नदी पुल पर पहुंचने पर दो हिस्सों में बट गई। कपलिंग टूटने से मालगाड़ी अचानक दो हिस्सों में बट गई। जिसके बाद आसपास को लोग इकट्ठा हो गए। घटना के बाद रेलवे अधिकारियों में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर स्टेशन मास्टर और इंजीनियरों की टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद ट्रेन की मरम्मत कर ट्रेन को रवाना किया। इस दौरान आधे घंटे से दिल्ली लखनऊ रेलवे लाइन पूरी तरह से बाधित रही। मालगाड़ी रवाना होने के बाद रेल संचालन बहाल हो सका।



# शिक्षक करता था छेड़छाड़, शिकायत की तो छात्रा का गला दबाया, पीड़िता की गई आवाज-याददाश्त

मुरादाबाद-अमरोहा के डिडौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की कक्षा दस में पढ़ने वाली 15 वर्षीय बेटी को करीब दो महीने से स्कूल में पढ़ाने वाला संविदा शिक्षक विवेक चीमा परेशान कर रहा था। पीड़िता और अन्य दो छात्राओं ने शिक्षक की शिकायत कक्षा अध्यापिका से की थी। अमरोहा के डिडौली थाना क्षेत्र के एक गांव में इंटर कॉलेज में शिक्षक के उत्पीड़न से आहत 10वीं की छात्रा आवाज और याददाश्त खो बैठी। कई दिन तक मुरादाबाद में उपचार के दौरान छात्रा को होश आया तो उसने आपबीती सुनाई। पुलिस ने मामले में आरोपी शिक्षक के खिलाफ छेड़खानी, हत्या की कोशिश और एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कॉलेज प्रबंधन ने भी आरोपी शिक्षक को निष्कासित कर दिया है।गांव निवासी किसान की कक्षा दस में पढ़ने वाली 15 वर्षीय बेटी को करीब दो महीने से स्कूल में पढ़ाने वाला संविदा शिक्षक विवेक चीमा परेशान कर रहा था। वह अन्य छात्राओं के साथ छेड़खानी करता है। पीड़िता और अन्य दो छात्राओं ने शिक्षक की शिकायत कक्षा अध्यापिका से की। कक्षा अध्यापिका ने छात्राओं को साथ ले जाकर प्रधानाचार्य को पूरे मामले के बारे में बताया।लिहाजा प्रधानाचार्य ने आरोपी शिक्षक विवेक चीमा को फटकारा और दंडित किया। जिससे नाराज होकर 19 अप्रैल को आरोपी शिक्षक ने धोखे से छात्रा को स्कूल के पीछे बुलाकर छेड़खानी की और जान से मारने की नीयत से गला दबा दिया। जिससे छात्रा की आवाज चली गई। छुट्टी के बाद छात्रा बदहवास अवस्था में घर पहुंची तो वह कुछ बोल नहीं पा रही थी।

# केएसके को हराकर फाइनल में पहुंची इलेवन स्टार

मुरादाबाद-केमरी। कस्बे में चल रहे केपीएल सीजन-2 क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में शनिवार को इलेवन स्टार ने केएसके को 41 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली। मैच में इलेवन स्टार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवर में 116 रन बनाए और केएसके के सामने 117 रनों का लक्ष्य रखा।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी केएसके की टीम 11 ओवर में 76 रनों पर सिमट गई इलेवन स्टार के इशाकुल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए

16 रन बनाने के साथ 3 विकेट झटके और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। आयोजक इमरान अली ने बताया कि रविवार को टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल यूथ क्रिकेट टीम और यूनिक टीम के बीच खेला जाएगा।

# मझोला में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, पीड़िता की हालत बिगड़ी; तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

मुरादाबाद-पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में दबिश दी, लेकिन आरोपी पुलिस के हाथ नहीं आए। मझोला थाना क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर तीन युवकों ने अनुसूचित जाति की किशोरी को अपने घर में खींच लिया और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद किशोरी की हालत बिगड़ गई। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में दबिश दी, लेकिन आरोपी पुलिस के हाथ नहीं आए। मझोला थाना क्षेत्र के गांव में रहने वाली किशोरी के पिता ने मझोला थाने में दर्ज कराए केस में बताया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी शुक्रवार की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे घर से गांव में ही घेर में दादा-दादी के पास जा रही थी। पिता आरोप है कि इसी दौरान रास्ते में तीन आरोपी अनुज, अरुण और अमन मिल गए। आरोपियों ने किशोरी को घेर लिया और डरा धमकाकर रोक लिया उसने शोर मचाने का प्रयास किया तो उसका मुंह दबा दिया। इसके बाद आरोपी अनुज के घर में खींच कर ले गए। उस वक्त आरोपी अनुज के परिजन बाहर गए थे। यहां किशोरी को एक कमरे में बंद कर लिया। इसके बाद तीनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि पीड़िता को धमकी दी कि अगर उसने किसी से बताया तो उसकी और उसके परिवार की हत्या कर देंगे। इसके बाद आरोपियों ने किशोरी को अपने घर से भगा दिया। पीड़िता किसी तरह अपने घर पहुंची और परिजनों को आपबीती बताई। इस घटना से पीड़िता की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे अस्पताल ले गए और उपचार कराया। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार सामूहिक दुष्कर्म, धमकी देने और पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# मातृ दिवस पर 85 वर्षीय पूर्व प्रधानाचार्या शकुंतला सिन्हा को किया सम्मानित

क्यूँ न लिखूँ सच- ब्यूरोचीफ

बरेली। अंतर्राष्टीय मातृ दिवस पर साहित्यिक संस्था-कवि गोष्ठी आयोजन समिति, बरेली द्वारा एक



भव्य काव्य संध्या एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी गांधी मोहन सक्सेना के संयोजन में स्थानीय इंदिरा नगर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार रणधीर प्रसाद गौड़ धीर ने की। मुख्य अतिथि शायर विनय सागर जायसवाल एवं विशिष्ट अतिथि लोकप्रिय चित्रकार कुलदीप वर्मा रहे। माँ शारदे के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मातृ दिवस के अवसर पर किए गए इस कार्यक्रम में संस्था द्वारा पूर्व प्रधानाचार्या श्रीमती शकुंतला सिन्हा को उनके प्रेम, त्याग एवं मार्गदर्शन के लिए पटका एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया एवं संस्था के सचिव उपमेंद्र सक्सेना को संस्कार भारती, बरेली का महानगर अध्यक्ष बनाए जाने पर उपस्थित कवियों ने माल्यार्पण कर उन्हें बधाई दी। कवि बृजेंद्र तिवारी अकिंचन ने मातृ दिवस पर अपनी रचना इस प्रकार प्रस्तुत की- चूल्हे की रोटी जब खायी बहुत दिनों के बाद मुझको रह रह रहकर आई अम्मा तेरी याद। गीतकार उपमेंद्र सक्सेना ने माँ के सम्मान में अपना गीत इस प्रकार प्रस्तुत किया सरस काव्य संध्या में संचालन मनोज दीक्षित टिंकू ने किया !

# राष्ट्रीय लोक अदालत में दो लाख से अधिक मामलों का निस्तारण, 20 करोड़ से ज्यादा की वसूली

क्यूँ न लिखूँ सच- पं सत्यम शर्मा

बरेली। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में शनिवार को जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा



प्राधिकरण सुधीर कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर अदालत का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से 272829 वादों का निस्तारण कर 20 करोड़ 10 लाख 5342 रुपये की धनराशि का आदेश पारित किया गया। सत्र न्यायालयों में 492, दीवानी न्यायालयों में 23951, फौजदारी न्यायालयों में 3566 वादों का निस्तारण हुआ। पारिवारिक न्यायालयों ने 59 जो?ों के मध्य समझौता कराया। प्रधान न्यायाधीश चन्द्र प्रकाश तिवारी ने 19 वादों में आपसी समझौता कराया। नौ दम्पतियों को सुलह समझौते के साथ विदा किया गया। अपर प्रधान न्यायाधीश संजय कुमार सिंह, छाया नैन व विमल त्रिपाठी ने 40 वाद निस्तारित किए। मोटर दावा दुर्घटना अधिकरण ने 80, वाणिज्यिक न्यायालय ने 9, स्थाई लोक अदालत ने 4 वादों का निस्तारण किया। प्रशासनिक अधिकारियों ने 37357, सम्भागीय परिवहन विभाग ने 1292, पुलिस विभाग ने 9897 मामलों का निस्तारण किया। 5255 ई चालान भी निस्तारित किए गए। 6629700 रुपये की जुर्माना राशि जमा हुई। कैनाल न्यायालय ने 9, उपभोक्ता फोरम ने 6, श्रम न्यायालयों ने 32, बीडीए ने 7, स्वास्थ्य विभाग ने 184558, नगर निगम ने 10190 मामलों का निस्तारण किया। भारत संचार निगम लिमिटेड ने 208 मामले निस्तारित किए।

# पाकिस्तानी फायरिंग में भारतीय सेना के पांच जवान बलिदान, DGMO बोले- दुस्साहस पर देंगे जवाब

ऑपरेशन सिंदूर के बाद जम्मू और कश्मीर में फंसे हुए यूपी के लोगों को निकालने के लिए दो और विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। भारत पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के चलते जम्मू से लखनऊ व आसपास के जिलों में लौटने वाले ट्रेनों की लंबी वेटिंग से परेशान हैं। 8500 से अधिक यात्री वेटिंग



में हैं। खास बात यह है कि विमान सेवाएं भी बंद होने से मुश्किलें और बढ़ गई हैं। ऐसे में रेलवे प्रशासन स्पेशल ट्रेनें चलाकर यात्रियों को राहत देगा।जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब भारतीय फौज ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए दिया। इसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया। जम्मू में पाकिस्तानी ड्रोन व मिसाइल से हमला होने के बाद लखनऊ से घूमने गए पर्यटक वापस लौटने लगे हैं। लेकिन ट्रेनों की वेटिंग उनकी वापसी में अड़ंगा लगा रही है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार जम्मू में फिलवक्त 8500 से अधिक पर्यटक हैं, जो ट्रेनों की वेटिंग से जूझ रहे हैं। ऐसे में रेलवे प्रशासन की ओर से उनकी सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने की तैयारी की जा रही है। अभी एक स्पेशल ट्रेन वाराणसी समर स्पेशल(04604) चलाई जा रही है। रेलवे दो और स्पेशल ट्रेनें चलाएगी। यह ट्रेनें जम्मू से लखनऊ, गोरखपुर होते हुए कोलकाता के लिए संचालित होंगी। इनसे यात्रियों की घर वापसी आसान हो सकेगी।इतनी है जम्मू की ट्रेनों में वेटिंग जम्मू से लखनऊ आने वाली गोरखपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस(12588) की स्लीपर में शनिवार को 121, थर्ड एसी में 80, सेकेंड व फर्स्ट एसी में 21, आठ वेटिंग रही। बेगमपुरा एक्सप्रेस(12238) की स्लीपर में रविवार, सोमवार व मंगलवार को 84, 34, 22, थर्ड एसी में 41, 20, 15 वेटिंग है। कोलकाता एक्सप्रेस(13152) की स्लीपर में शनिवार को 233 व रविवार को 98 एवं थर्ड एसी में 80 व 58 वेटिंग रही। अर्चना एक्सप्रेस(12356) की स्लीपर में रविवार को 89, थर्ड एसी में 83 वेटिंग तथा हिमगिरी एक्सप्रेस(12332) की स्लीपर में 107 एवं थर्ड एसी में 63 वेटिंग रही। फ्लाइटों के बंद होने से भी बढ़ी मुश्किलें पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच चंडीगढ़, जम्मू व श्रीनगर एयरपोर्ट को सुरक्षा के लिहाज से बंद कर दिया गया है। ऐसे में इन जगहों पर फंसे पर्यटकों के लिए वापसी की राह और भी मुश्किल हो गई है। यात्रियों की निर्भरता ट्रेनों पर बढ़ गई है, जिससे सीटों की मारामारी से यात्रियों को जूझना पड़ रहा है। चंडीगढ़ से आने वाले भी परेशान- चंडीगढ़ से लखनऊ के लिए दो रेगुलर व एक स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इसमें लखनऊ समर स्पेशल(04210) मंगलवार को कैंसिल है। चंडीगढ़ लखनऊ एक्सप्रेस(12232) की स्लीपर में रविवार, सोमवार, मंगलवार को क्रमश: 38, 36, 43 व थर्ड एसी में 21, 15, 12 वेटिंग चल रही है। चंडीगढ़ लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस(15012) की स्लीपर में उपरोक्त दिनों में 57, 36, 32 व थर्ड एसी में 19, 12, 13 वेटिंग चल रही है।

# करोड़ों की प्रापर्टी के कूटरचित दस्तावेजों से की हेराफेरी, नगर निगम से फाइल गायब

क्यूँ न लिखूँ सच- पं सत्यम शर्मा

बरेली। सिविल लाइंस में करोड़ों की वक्फ प्रापर्टी के फर्जी दस्तावेज तैयार कर नामांतरण में हेराफेरी कर नगर निगम में अपना नाम दर्ज करवा लिया। इसके बाद नगर निगम से फाइल गायब कर दी। मामले की शिकायत एसपी सिटी से की गई। एसपी सिटी के आदेश पर कोतवाली में तीन नामजद और अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। सिविल लाइंस निवासी मुतवल्ली बरकत नबी खान ने नगर निगम में शिकायत की। इसमें आरोप है कि है कि अलीगढ़ निवासी यूसुफ



जमाल पुत्र स्वर्गीय जमाल अख्तर अजीज ने अन्य लोगों के साथ मिलकर सुनियोजित षड्यंत्र कर वक्फ संपत्ति को हड़पने का प्रयास किया। जबकि वर्ष 1944 से यह संपत्ति नगर निगम बरेली के अभिलेखों में वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज है। इसके मुतवल्ली द्वारा ही इसका संचालन व देखरेख की जाती रही है। नगर निगम में सांठगांठ कर वक्फ संपत्ति में दर्ज कराया नाम अलीगढ़ में धोधपुर के रहने वाले यूसुफ जमाल ने गनपतराय बागला पुत्र बीएस बागला, निवासी राधेश्याम एन्क्लेव, सिविल लाइंस, लखनऊ निवासी नासिर सईद पुत्र अहमद सईद समेत कुछ अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए। इन दस्तावेजों के आधार पर उन्होंने नगर निगम बरेली के कुछ कर्मचारियों से मिलीभगत करते हुए वक्फ संपत्ति में अपना नाम दर्ज करा लिया। इस पूरे फर्जीवाड़े को अंजाम देने के लिए नगर निगम की मूल पत्रावली को ही कार्यालय से गायब करवा दिया गया, जिससे यह साबित करना कठिन हो गया कि संपत्ति पर किसका वैध स्वामित्व है। इस घटना से नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। इस प्रकार अभिलेखों के साथ छेड़छाड़ की छूट नगर निगम में दी जाएगी, तो न केवल वक्फ संपत्तियों बल्कि आम नागरिकों की जमीनें भी सुरक्षित नहीं रह जाएंगी। अब निगाहें जिला प्रशासन और वक्फ बोर्ड पर टिकी हैं कि वे इस गंभीर प्रकरण में कितनी तत्परता और पारदर्शिता से कार्रवाई करते हैं। वहीं नगर निगम की भूमिका की उच्च स्तरीय जांच की मांग भी जोर पकड़ रही है।

# नामचीन कंपनियों के नकली कीटनाशकों का गोरखधंधा बेनकाब,फर्जी रैपर बरामद, आरोपी गिरफ्तार, पूछताछ जारी

क्यूँ न लिखूँ सच- पं सत्यम शर्मा

बरेली। बारादरी क्षेत्र के माधोबाड़ी में पुरानी माचिस की फैक्ट्री में नकली कीटनाशक के रैपर बनाने के खेल का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। फैक्ट्री के भीतर संचालित एक गोदाम से हजारों की संख्या में कीटनाशक कंपनियों के फर्जी रैपर बरामद हुए हैं। पुलिस ने यह कार्रवाई टू बडी कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि प्रेमचंद शर्मा की सूचना पर की है। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि माधोबाड़ी में पुरानी माचिस की फैक्ट्री में नकली कीटनाशक के रैपर बनाए जा रहे थे। इन्हें बरेली समेत आसपास के जिलों में सप्लाई किया जाता था। फैक्ट्री को मार्डन नर्सरी निवासी अर्पण अग्रवाल संचालन कर रहे थे। फैक्ट्री से पुलिस ने सिजेंटा, एफएमसी इंडिया, कोर्टेवी, धानुका, वायरक्रॉप और पायनियर जैसी नामी कृषि कंपनियों के प्रोडक्ट रैपर बड़ी संख्या में बरामद किए हैं। वर्टाको के 600, फरटेश के 1900, फराडन के 88, फरटेरा के 1700, पायनियर के 920, कलडान के 234 और लिसेंटा के 51 रैपर मिले हैं। पुलिस को अंदेशा है कि इन खाली रैपरों का उपयोग नकली कीटनाशक उत्पादों के निर्माण और वितरण में किया जा रहा था। टू बडी कंसल्टिंग के सहायक प्रबंधक प्रेमचंद शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अर्पण अग्रवाल को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पूछताछ में बताया कि यह रैपर पूरी तरह अवैध हैं और इनका उपयोग केवल मूल निर्माण कंपनियों द्वारा किया जा सकता है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक नकली कीटनाशक बनाने वाले गिरोह इन रैपरों को बाजार से खरीदते हैं और उनके जरिए नकली उत्पादों को असली ब्रांड की तरह पैक करके किसानों को बेचते हैं। यह न केवल किसानों की फसलों के लिए खतरनाक हैं, बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा पर भी सीधा हमला है। आरोपी अर्पण अग्रवाल से पुलिस पूछताछ कर रही है। जिससे काले धंधे से जुड़े लोगों तक पुलिस पहुंच सके।

# मथुरा में आइस फैक्ट्री से अमोनिया गैस का रिसाव...घुटने लगा दम, मच गई अफरातफरी; घर छोड़कर भागे लोग

मथुरा में आइस फैक्ट्री से अमोनिया गैस का रिसाव होने से अफरातफरी मच गई। लोग घर छोड़कर




